CMAR
City Managers' Association, Rajasthan

# CMAR NEWSLETTER

Quarterly News Letter by
City Managers' Association, Rajasthan

Issue-XI
March, 2010

Promoting Excellence in City Management...

**Who is a City Manager?**

A City Manager is defined as a person in any urban local body, urban development authority, institution involved in research, training for urban managment an NGO or a corporate in urban sector.

## अन्दर पढ़िए....


- प्रदूषण कम, रोशनी ज्यादा – एनर्जी बचत भीः अजमेर
- सुदृढ़ शहरी निकायः गुणवत्तायुक्त शहरी जीवन का आधार
- भू–जल पुर्नभरण के प्रयासों में एक शहर – भीलवाड़ा
- सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था में विद्युत बचत की पहल – कोटा नगर निगम
- Accrual Based Double Entry Accounting System in Jaipur Municipal Corporation
- Central Secretariat Service Officer's (CSS) visit to Jaipur
- गुजरात नगरपालिका सेवा के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का राजस्थान में शैक्षणिक भ्रमण
- शहरी विकास की ओर सरकार का ऐतिहासिक कदम
- Jaipur City Consultation on UN HABITAT State of the World's Cities Report 2010-2011
- Promoting Capacity Building : living up to the Commitment
- Workshop on strengthening City Managers' Association in India at Ahmedabad
- Conference on the Globalizing State, Public Services and the New Governance of Urban Local Communities in India at IIM - Ahmedabad
- The 15th Executive Committee Meeting of CMAR
- प्रशासन शहरों के संग अभियान–2010
- राजस्थान के प्रथम श्रेणी के सात शहरों का सेनिटेशन सर्वे किया सी. एम.ए.आर. ने
- Photo Features


## संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि सिटी मैनेजर्स ऐसोसिएशन राजस्थान द्वारा ग्यारहवीं गृह पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। 'प्रशासन शहरों के संग अभियान–2010' के अन्तर्गत स्थानीय निकायों व विभिन्न विभागों द्वारा अनेकों कार्य जन आकांक्षाओं के अनुरूप किये है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष स्थानीय निकायों के आर्थिक उन्नयन के लिये काफी काम सम्पादित किये गये है व स्वायत्तता के लिये अनेकों कदम उठाये गये हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि स्थानीय निकाय जब आर्थिक रूप से सक्षम होगीं, तभी वे जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर सकेंगे।

संस्था द्वारा निकायों के विकास हेतु सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आलेखन, न्यूज लेटर का प्रकाशन व निकायों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना शहरी विकास के लिए एक सराहनीय प्रयास है। न्यूज लेटर के प्रकाशन की सफलता की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

**शान्ति धारीवाल**
मंत्री, स्वायत्त शासन, नगरीय
विकास एवं आवासन विभाग,राजस्थान सरकार

## सम्पादकीय...

सिटी मैनेजर्स ऐसोसिएशन राजस्थान द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका का ग्यारहवां अंक प्रकाशित हो रहा है। यह अंक निश्चित रूप से आपके स्थानीय निकाय क्षेत्र में किये गये कार्यो का दर्पण है। 'सिटी मैनेजर्स एसोसिएशन राजस्थान' शहरी निकायों के लिए तकनीकी सलाहकार का कार्य वर्ष 2002 से कर रही है। इस संस्था के सक्रिय सहयोग के लिए निकायों को अपनी तकनीकी समस्याओं से इन्हें अवगत कराना चाहिए, ताकि यह आपको उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

संस्था के माध्यम से सर्वोत्तम प्रक्रियाओं (Best Practices) का सकंलन व प्रकाशन भी किया जाता है। इसलिए मैं समस्त निकायों से अपेक्षा करता हूँ कि आप अपने निकाय में होने वाली समस्त सर्वोत्तम प्रक्रियाओं की जानकारी ऐसोसिएशन को भिजवाये ताकि वर्ष में एक बार उत्तम प्रक्रियाओं का संकलन पुस्तक के रूप में किया जा सके। जिसका लाभ निकाय परस्पर उठा सकें।

इस क्रम में गृह पत्रिका के इस अंक में कोटा व अजमेर नगर निगम द्वारा सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के लिये किये गये कार्यो का समावेश किया गया है। इसके अलावा भीलवाड़ा नगर परिषद् द्वारा वर्षा जल के पुर्नभरण के लिये की गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को भी समाहित किया गया है।

**जोगाराम**
कार्यकारी अध्यक्ष

Registered under the Rajasthan Societies Registration Act, 1958,
Reg No. 569/Jaipur/2002-03, Dt. 24/08/2002

# Office Bearers of CMAR

## Chief Patron

**Shanti Dhariwal**
Hon'ble Minister
LSG & UDH Department
Government of Rajasthan

## Patrons

**G. S. Sandhu,** IAS
Principal Secretary
LSG & UDH Department
Government of Rajasthan

**Dr. R. Venkateswaran,** IAS
Secretary
Local Self Government,
Government of Rajasthan

**Sudhanshu Pant,** IAS
Commissioner
Jaipur Development Authority
Jaipur

# Executive Committee of CMAR

## President

**R.P. Jain**, IAS
Chief Executive Officer
Jaipur Municipal Corporation
Jaipur
Contact No. 0141-5113777
E-mail: ceo.jaipurmc@gmail.com

## Executive President

**Jogaram**, IAS
Director
Directorate of Local Bodies
Jaipur
Contact No. 0141-2222403
E-mail: jogaram@gmail.com

## Vice Presidents

No Image

Chief Executive Officer
Ajmer Municipal Corporation
Ajmer
Contact No. 0145-2429953
E-mail: ajmermc@gmail.com

No Image

Chief Executive Officer
Jodhpur Municipal Corporation
Jodhpur
Contact No. 0291-2651464

No Image

**Balmukund Asawa**, RAS
Commissioner
Udaipur Municipal Council
Udaipur
Contact No.9413357125
E-mail:
mukund_asawa@rediffmail.com

**Madan Mohan Sharma**,
RAS
Chief Executive Officer
Kota Municipal Corporation
Kota
Contact No. 0744-2502293

**M.M. Vyas**, RAS
Chief Executive Officer
Bikaner Municipal Corporation
Bikaner
Contact No.
0151-2226900

## Treasurer

**Devraj Singh**
Chief Accounts Officer
Directorate of Local Bodies
Jaipur
Contact No. 9414068368
E-mail: zeba_zeba@rediffmail.com

## Secretary

**Rajendra Singhal**
Commissioner
Jaipur Municipal Corporation
Jaipur
Contact No. 9667443915

## Executive Members

**Anil K. Chaplot**, RAS
HUDCO Chair, HCM RIPA
JLN Marg, Jaipur
Contact No. 9314138820
E-mail: anilchaplot@rediffmail.com

**Upendranath Chaturvedi**
Commissioner
Jaipur Municipal Corporation, Jaipur
Contact No. 9001899210

**Mangatram Jat**
Commissioner
Kishangarh Municipal Council
Balotra, Dist. Barmer
Contact No. 9929105943

**Girish Dadhich**
PS to Hon'ble Minister
Industrial & Excise, GoR, Jaipur
Contact No. 9414079411

**A. N. Purohit**
Superintending Engineer
Rajasthan Housing Board, Janpath, Jaipur
Contact No. 9829065269

**Pradeep Naithani**
Superintending Engineer
Directorate of Local Bodies, Jaipur
Contact No. 9414079648

**K. K. Sharma**
Superintending Engineer
Jaipur Municipal Corporation, Jaipur
Contact No. 9829194003

**S.D. Thanvi**
General Manager
Avas Vikas Ltd.
4-S 24, Jawahar Nagar, Jaipur
Contact No. 9982609472

**Chandra Shekhar Sharma**
Executive Engineer
Jaipur Municipal Corporation
Jaipur
Contact No. 9829012727

**Tarachand Gusai**
Commissioner
Jodhpur Municipal Corporation
Jodhpur
Contact No. 9414196735

**C.P. Katariya**
Revenue Officer
Ajmer Municipal Corporation
Ajmer
Contact No. 9414281050

**Shiv Bhagwan Ghatala**
Revenue Officer
Sikar Municipal Council
Sikar
Contact No. 9829370788

## Executive Members

**Dinesh Pareek**
Revenue Officer
Vidhydharnagar Zone Office
Jaipur Municipal Corporation, Jaipur
Contact No. 9414312589

**Kishor Agarwal**
Revenue Officer
Jaipur Municipal Corporation
Jaipur
Contact No. 9829073976

**Shankardas Swami**
Executive Officer
Anupgarh Municipal Board
Anupgarh, Dist. - Sriganganagar
Contact No. 9460122562

**Dr. R.K. Garg**
Health Officer
Jaipur Municipal Corporation
Jaipur
Contact No. 9414288191

**Kishan Lal Kumawat**
Executive Officer
Bijaynagar Municipal Board
Bijaynagar, Dist. - Ajmer
Contact No. 9252066172

**Vijay Singh Shekhawat**
Executive Officer
Nawalgarh Municipal Board Nawalgarh,
Dist. - Jhunjhunu
Contact No. 9414432721

**Madan Gopal Vyas**
Sr. Accounts Officer
Bikaner Municipal Corporation
Bikaner
Contact No. 0151-2226900

**Nandlal Vyas**
Executive Officer
Phalodi Municipal Board
Phalodi, Dist. - Jodhpur
Contact No. 9460234155

**Ms. Anita Kumari Mittal**
Executive Officer
Kishangarh Renwal Municipal Board
Dist. - Jaipur
Contact No. 9785430620

**Bhagirath Mal Suthar**
Executive Officer
Malpura Municipal Board
Malpura, Dist. - Tonk
Contact No. 9461688563

**Ms. Rekha Meena**
Revenue Officer
Bundi Municipal Board, Dist. - Bundi
Contact No. 9460864425
E-mail : rekhameena83@gmail.com

**Ms. Manisha Yadav**
Executive Officer
Neem Ka Thana Municipal Board
Neem Ka Thana, Dist. - Sikar
Contact No. 9460122562

# प्रदूषण कम, रोशनी ज्यादा-एनर्जी बचत भी: अजमेर

**सी.पी.कटारिया,** राजस्व अधिकारी, अजमेर

अजमेर में बिजली बचत की एक नयी पहल शुरू हुई है, जिसमें टी–5 का स्ट्रीट लाईट में इस्तेमाल। इन लाईटों का फायदा न केवल एनर्जी सेविंग में हुआ है, साथ ही इससे कार्बन उत्सर्जन की निकासी में भी कमी आएगी। एनर्जी सेविंग प्रोजेक्ट को लागू करने से नगर निगम को ऊर्जा (एनर्जी) पर 53 प्रतिशत की बचत हुई है। बचत की गई 37280 यूनिट बिजली अन्य कार्यो के लिए सुलभ हो सकेगी। इससे नगर निगम को वार्षिक 72 लाख रूपये की सीधी बचत हुई है वहीं कौनसी लाईट बन्द है और कौनसी चालू इसकी जानकारी नगर निगम में बैठे–बैठे कम्प्यूटर पर प्राप्त हो रही है। निश्चय ही रोशनी व्यवस्था में सुधार हुआ है।

**शहर की जानकारी:** राजस्थान राज्य की हृदय स्थली के रूप में अजमेर की पहचान है। ब्रह्माजी के पावन धाम पुष्कर और ख्वाजा नगरी अजमेर को समन्वित संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। यहाँ प्रतिवर्ष ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती का अन्तर्राष्ट्रीय उर्स मेला लगता है जिसमें देश विदेश के लाखों व्यक्ति आते हैं, वहीं नजदीक ही अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले के आयोजन से शहर में लाखों व्यक्तियों का आना–जाना रहता है। जैन धर्मावलम्बियों का नायाब कला युक्त सोनी मन्दिर व नारेली तीर्थ होने से भी प्रतिदिन व्यक्तियों की आवक रहती है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्व मण्डल, आयुर्वेद निदेशालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग, रेलवे के कारखाने, इंजिनियरिंग व मेडिकल कॉलेज, मेयो कॉलेज तथा नजदीक ही मार्बल नगरी किशनगढ़ के कारण लोगों की नियमित आवक रहती है। अजमेर शहर की आबादी 5 लाख से अधिक है और 55 वार्डो में विभक्त है।

**पहल करने से पहले की स्थिति** : शहर में स्ट्रीट लाईटों में 5000 सोडियम लाईटें, 17700 ट्यूब लाईट फिक्चर तथा 13 हाईमास्क लाईटें लगी हुयी है। जिस पर प्रतिवर्ष 688507 यूनिट बिजली खर्च होती थी। वित्तीय रूप से देखें तो 180 लाख रू. वार्षिक एनर्जी बिल का भुगतान करना होता था। इसके अतिरिक्त 140 टाईम स्विचों को बन्द करने व चालू करने पर 12 लाख रू. का व्यय होता था। इस प्रकार सार्वजनिक रोशनी पर कुल 252 लाख रू. वार्षिक का व्यय होता था।

**परियोजना** : नगर निगम के तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंबरीश कुमार ने एनर्जी सेविंग के लिए पहल की। उन्होंने अपनी योजना महापौर धर्मेन्द्र गहलोत को बतायी तो उन्होंने कहा कि यह तो करना ही चाहिए। फिर एक टैण्डर तैयार करवाया और समाचार पत्र सहित ई–टैण्डर पर जारी कर दिया जिसमें निम्न मुख्य बातें थी:

1. छः वर्ष के लिए टी–5 लाईटें लगाई जाएँगी जिसमें समान रोशनी होनी चाहिए।
2. वर्तमान में लगे फिक्चर का उपयोग टैण्डरदाता कर सकेगा।
3. लाईटों का संधारण टैण्डरदाता को करना होगा।
4. एनर्जी बिल में बचत की कितनी राशि नगर निगम की होगी।
5. एनर्जी बिल में कितनी बचत करेगा।
6. कार्य अवधि के बाद यह सम्पत्ति नगर निगम की होगी।

नगर निगम ने तकनीकी बिड तथा वित्तीय बिड के आधार पर एशियन इलेक्ट्रीकल्स लि. नई दिल्ली का टैण्डर स्वीकृत किया यह फर्म टी–5 लाइटों का उत्पादक भी है। जिसमें ठेकेदार 53 प्रतिशत की बचत करेगा तथा एनर्जी बचत का 94 प्रतिशत लाभ ठेकेदार कम्पनी तथा 6 प्रतिशत हिस्सा नगर निगम का रहेगा।

कम्पनी ने लाईट बदलने का काम 20 जनवरी 2008 से शुरू कर दिया तथा अन्तिम कार्य सीमा 30 जून 2008 थी। इसके बाद कम्पनी को इनर्जी बचत का लाभ मिला। इस कम्पनी ने टी–5 128, 214, 414 व 424 की लाईटें लगाई है तथा कम्प्यूटर ऑपरेटेड टाईम स्विच (कन्ट्रोल पैनल) भी इसी कम्पनी द्वारा लगाये गये हैं।

**प्राप्त परिणाम : कार्बन उत्सर्जन पर कन्ट्रोल** : एनर्जी कंजर्वेशन एक्ट 2001 के तहत पूरे राज्य में शुरू इस प्रोजेक्ट से अजमेर को खास फायदा हुआ है। विभिन्न शोधों में यह पाया गया है कि बिजली के एक वॉट के उपभोग से करीब एक ग्राम कार्बन का उत्सर्जन होता है। ऐसे में स्ट्रीट लाइटों से कम होता हर वाट शहर में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा भी उसी अनुपात में घटा देगा। इसका एक और फायदा अजमेर को विश्व बैंक और उस जैसी कुछ दूसरी इंटरनेशनल मॉनीटरी एजेंसीज से मिल सकता है। इन एजेंसीज ने दुनिया में ग्रीन हाऊस गैसों में कमी लाने के लिए जो घोषणाएं की है, उसके अनुसार अजमेर शहर से कार्बन उत्सर्जन जितना रोकेंगे उसके आधार पर एक निश्चित राशि विकास कार्यों के लिए आवंटित होगी।

**दूधिया रोशनी** : शहर को पहले से अच्छी दूधिया रोशनी मिल रही है व निजी भागीदारी से नागरिकों को अच्छी सेवाऐं भी मिल रही है।

**व्यय में बचत** : नगर निगम को प्रतिवर्ष 72 लाख रूपये की सीधी बचत हो रही है। बिजली के संधारण व मरम्मत पर की जाने वाली यह राशि व्यय नहीं करनी होगी। इसके अलावा बिजली बचत की राशि का 6 प्रतिशत हिस्सा नगर निगम का है, यह राशि अन्य विकास कार्यो में व्यय की जा सकती है।

**शहर का सौन्दर्यकरण** : सफेद रोशनी से शहर का सौन्दर्य बढ़ा है। टी–5 लाईटें दिखने में भी सुन्दर हैं।

**मच्छरों से निजात** : सोडियम जैसी पीली लाइटों की रोशनी मच्छरों को आकर्षित करती है। कई बार पीली रोशनी के नीचे या नजदीक खड़ा होना भी दुश्वर हो जाता है। इस नयी व्यवस्था से मच्छरों से भी निजात मिली है।

**शिकायतों में कमी** : हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों में 45 प्रतिशत की कमी आई है। लाईटिंग मैनेजमेन्ट सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से शीघ्र ही इन शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है।

जी.एस.एम. सिस्टम से ऑटोमेटिक टाईम स्विच को ऑन व ऑफ की जानकारी नगर निगम में बैठे–बैठे कम्प्यूटर से प्राप्त की जा सकती है। इन टाईम स्वीचों को पंचांग के सुर्योदय व सुर्यास्त के अनुसार सैट कर दिया गया है ताकि कभी बादल हो जाने पर या मौसम की खराबी पर

अनावश्यक लाईटें चालू न हो जायें। शहर के वोल्टेज के अनुसार टाईम स्विच/कन्ट्रोल पैनल्स लगाये गए हैं। इससे प्रत्येक कन्ट्रोल पेनल पर वोल्टेज की स्थिति, रोशनी होने व न होने की स्थिति विद्युत समस्या की जानकारी कम्प्यूटर पर मिल रही है। इससे शिकायतों में कमी आयी है।

**निष्कर्ष** : इको फ्रेन्डली डवलपमेंट को लेकर शुरू हुई योजना में नगर निगम को आर्थिक बचत तो हुई है साथ ही प्रदूषण भी कम हुआ है तथा रोशनी भी अच्छी होने लगी है। लेकिन किसी नये कार्य में बाधा डालने वाले से निपटने के लिए शहरी निकाय प्रशासन को तैयार रहना होगा। अजमेर में भी कई असामाजिक तत्वों द्वारा सर्किट निकाल देना, तार काट देना कट–आउट निकाल कर ले जाना जैसी घटनायें हुयी तो महापौर धर्मेन्द्र गहलोत ने सभी वार्ड पार्षदों को चौकस किया तथा पेट्रोलिंग दल गठित कर इन पर नियन्त्रण पाया।

# सुदृढ़ शहरी निकाय : गुणवत्तायुक्त शहरी जीवन का आधार

**अशोक पारीक,** अधिशाषी अधिकारी, सांभर नगरपालिका

नगरपालिकाओं का प्रमुख कार्य शहरी नागरिक सुविधायें सुलभ रूप में उपलब्ध करवाना है तथा ये 74वें संविधान संशोधन के पश्चात संवैधानिक संस्थायें हो गई है। किन्तु बावजूद इसके ये संस्थायें अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही हैं। राजस्थान में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की नगरपालिकाओं की स्थिति अधिक दयनीय है। अतः शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की समुचित बहाली के लिए नगरपालिकाओं को सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। नगर निकायों के सृदृढ़ीकरण को मुख्य रूप से दो उपागमों में विभाजित किया जा सकता है।

**अ. संस्थागत उपागम, ब. सेवा आधारित उपागम**

यहाँ संस्थागत उपागम के तहत विभिन्न मुद्दों का ही विश्लेषण किया जायेगा।

**अ. संस्थागत उपागमः**

इस उपागम में पालिकाओं के आधारगत मुद्दे शामिल किये जा सकते हैं, जो निम्नानुसार है :

**1. वित्तीय पहलू –**

(1) सामान्यतः सभी नगरपालिकायें वित्तीय समस्या से ग्रसित हैं। राजस्थान में IV श्रेणी की नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति तो यहां तक है कि कुछ नगरपालिकाओं द्वारा कर्मचारियों को समय पर वेतन भी देय नहीं हो पाता है। ऐसी दशा के दो प्रभाव होते हैं–

(i) जो धन विकास कार्यों हेतु आवंटन किया जाता है उसमें कटौती कर कार्मिकों का भुगतान किया जाता है फलतः निकाय शहरी नागरिक सुविधाओं की बहाली करने में असमर्थ रहता है।

(ii) कर्मचारियों का मनोबल टूटता है फलतः या तो वे कुंठित हो जाते हैं अथवा भ्रष्टाचार के दलदल में फंस जाते हैं। दोनों हीं परिस्थितियों में निकाय के सार्मथ्य पर वितरीत प्रभाव पड़ता है।

(2) नगरपालिकाओं के पास स्वयं के वित्तीय साधन पर्याप्त मात्रा में नहीं हैं और जो साधन हैं वे लोचशील नहीं हैं। अतः नगरपालिकायें वित्तीय मामलों में अमूमन राज्य सरकार की तरफ देखती हैं। अतः नगर निकायों के पास वित्तीय स्त्रोत सदैव मांग की तुलना में कम ही रहते हैं। फलतः निकायों की एक ओर स्वायत्तता भंग होती है वहीं दूसरी ओर अपर्याप्त वित्तीय स्थिति के कारण ये पंगु बन जाती हैं।

शहरी निकाय शहरवासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधायें प्रभावी एवं समुचित तौर पर उपलब्ध करवा सके इसके लिए प्राथमिक रूप से यह आवश्यक है कि ये निकाय आर्थिक दृष्टि से स्वःनिर्भर बने क्योंकि वित्त ही वह मूल तत्व है जो योजनाओं को कागज से कार्य में परिणित करता है। इसके लिऐ व्यवहारिक तौर पर निम्नलिखित कार्य किये जा सकते हैं–

(1) प्रचलित कर दरों को युक्तिसंगत बनाने के साथ–साथ स्थानीय आवश्यकताओं एवं संसाधनों का आकलन कर नये शुल्क व कर लगाये जाने चाहिये। जैसे भूमि व मकान की खरीद फरोक्त पर न्यूनतम दर से कर लगाना, पार्किंग शुल्क लगाना, न्यूनतम दर से विशेष बाग बगीचों में प्रवेश शुल्क वसूलना इत्यादि। किन्तु इसके साथ ही यह भी ध्यान में रखा जाना अत्यंत आवश्यक है कि कर बढ़ाने के साथ साथ सेवाओं की आपूर्ति की गुणवत्ता में भी आनुपातिक रूप से सुधार आना चाहिये। तभी जन मानस में बढ़े हुए कर स्वीकार होंगे अन्यथा नहीं। अतः सेवा आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के साथ आय के नये स्त्रोत विकसित किये जा सकते हैं जो पुनः सेवा आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार करेंगे। और यह सेवा आपूर्ति कर का चक्र (virtous circle of service supply tax) एक ओर शहरी निकायों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करेंगे वहीं दूसरी ओर सेवा आपूर्ति की गुणवत्ता उतरोत्तर बढ़ती जायेगी। अन्ततः कर इष्टतम दर पर आ जायेंगे और स्थिर हो जायेंगे वहीं दूसरी ओर सेवा आपूर्ति की गुणवत्ता उतरोत्तर बढ़ती जायेगी।

(2) निकाय सीमा में आने वाली सिवाय चक, सरकारी भूमि, अन्य भूमि इत्यादि को एकत्रित कर भूमि बैंक बनाया जाये जिसमें शॉपिगं मॉल, व्यवसायिक, रिहायशी भूमि आवंटन इत्यादि से आय स्त्रोतों में वृद्धि करनी चाहिये।

(3) शहरी निकाय को स्वयं की आर्थिक गतिविधियों में भी संलग्न करना चाहिये जैसे सिनेमाघर, पेट्रोल पम्प तथा समारोह स्थल आदि एक स्थानीय निकाय कम्पनी गठित कर संचालित किये जा सकते हैं। शहरी अन्य सुविधायें जैसे सामुदायिक सेवा केन्द्र, जलपान गृह इत्यादि विकसित कर न्यूनतम दर पर उन्हें नागरिकों को उपलब्ध करवाया जाना चाहिये। इसका दोहरा प्रभाव होगा कि एक ओर शहरी निकाय की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, वहीं नागरिकों को न्यूनतम दर पर शहरी सुविधायें उपलब्ध होंगी।

**2. कार्मिक पहलू –**

कोई भी संगठन तभी बेहतर रूप से कार्य कर सकता है जब उसकी कार्मिक व्यवस्था प्रभावी हो व एण्ट्रोपी से मुक्त हो। प्रायः देखा गया है कि नगर निकायों में कार्मिक व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है। परिणामस्वरूप निकाय कार्यों को प्रभावी रूप से अंजाम देने में असमर्थ रहते हैं। कार्मिक दृष्टिकोण से नगर निकायों में निम्नानुसार कमियाँ हैं जिनको दूर किये बिना नगर निकाय प्रभावी तौर पर कार्य करने में कदापि समर्थ नहीं हो सकते हैं–

(i) प्रायः देखा गया है कि नगरपालिकाओं में राजस्थान नगरपालिका प्रशासनिक व तकनीकी सेवा के अधिकारियों को छोड़कर शेष कार्मिक स्थानीय होते हैं जिनका स्थानान्तरण भी

नहीं होता है। स्थानीय होने के कारण उनके राजनीतिक गठजोड़ होना स्वभाविक है और इस गठजोड़ के कारण वे राजनीति से प्रेरित होकर कार्य करते है। स्थानीय कार्मिक राजनीतिक रूप से सक्षम होने के कारण अधिकारी चाहकर भी उनके विरूद्ध कार्यवाही करने में असमर्थ रहते हैं। फलतः नगर निकाय नागरिक सुविधा की बहाली में अक्षम महसूस करते हैं।

(ii) नगर निकायों में कार्यरत कार्मिक पूर्ण रूप से प्रशिक्षित नहीं हैं। अतः वे स्थानीय सरकारों में उस दृष्टिकोण से कार्य नहीं कर पाते हैं। इसके अतिरिक्त उनमें प्रशिक्षण के अभाव में अभिप्रेरणा व मनोबल का भी अभाव रहता है। फलतः निकाय नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते हैं।

कार्मिक किसी भी संगठन को कार्यरूप में परिणित करने करने वाला तंत्र है। संगठन की सफलता कार्मिकों के उच्च मनोबल पर अधिक निर्भर करती है। शहरी निकायों का भी सबसे नकारात्मक पक्ष कार्मिक ही है।

कार्मिक व्यवस्था में सुधार करके ही शहरी निकायों द्वारा नगरवासियों को मूलभूत सुविधायें प्रदान करने में सशक्त किया जा सकता है। कार्मिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में निम्नलिखित उपाय किये जा सकते हैंः–

अधीनस्थ सेवाओं के कार्मिकों में भी अर्न्तनगरपालिका स्थानान्तरण को लागू किया जाना चाहिये। इस संदर्भ में निर्णय पूर्णतया प्रशासनिक होना चाहिये। यह स्थानान्तरण प्रक्रिया अत्यंत सरल होनी चाहिये। इन व्यवस्थाओं से कार्मिकों के राजनीतिकरण पर अंकुश लग सकेगा।

नगरपालिकायें इसलिये भी प्रभावी कार्य नहीं कर पाती क्योंकि आवश्यक कार्यबल ही नहीं है। एक व्यक्ति से अनेक कार्य लिये जाते हैं। अधिकांश पद रिक्त पड़े रहते हैं। फलतः सेवाओं की गुणवत्ता में गिरावट आना स्वाभाविक है। अतः समस्त रिक्त पदों को तुरंत भरा जाना चाहिये तथा आवश्यक कार्यबल की भर्ती की जानी चाहिये।

प्रभावी दण्ड–पुरस्कार व्यवस्था लागू कर कार्मिकों के मनोबल को बनाये रखना चाहिये।

### 3. कानूनी पहलू :

- निकायों को 18 विषय पूर्णतः हस्तांतरित कर दिये जाने चाहिये तथा तृतीय सूची जिसे स्थानीय सूची का नाम दिया जाये बनाई जानी चाहिये। 18 विषयों के संदर्भ में ये निकाय पूर्णतः स्वायत्त होगें जिस प्रकार राज्य सूची में वर्णित विषयों के संदर्भ में राज्य सरकारें होती हैं। इस प्रकार ये निकाय स्थानीय सरकार की भांति कार्य करनी चाहिये। संवैधानिक संस्था का संचालन संवैधानिक तरीके से हो और इसके लिये उन्हें 18 विषयों पर पूर्णतया कानून बनाने के अधिकार सौंपे जाने चाहिये।
- नगर निकायों को पूर्णतया राज्य सरकार के नियंत्रण से मुक्त करने के साथ साथ यह जरूरी है कि राज्य सरकारें किसी प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से उन पर अंकुश भी रखे। इससे एक ओर स्थानीय सरकारों की स्वायत्ता बनी रहेगी वहीं दूसरी ओर स्थानीय सरकारें भ्रष्टाचार से मुक्त भी हो सकेंगी। एक अधिशाषी अधिकारी की समस्त सेवा शर्तें राज्य सरकार तय करे तथा राज्य सरकार का पूर्ण संरक्षण प्राप्त हो। ताकि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर कार्य कर सके। इससे निकायों में बेहतर जनहित के निर्णय होंगे। कार्य में पारदर्शिता व जवाबदेयता आयेगी। फलतः निकाय सुदृढ़ होंगे।

### 4. प्रशिक्षण

सेवाओं की गुणवत्ता के लिए सबसे अहम सवाल है कि सेवा आपूर्ति कुशल है अथवा नहीं?उच्च व गुणवत्ता युक्त सेवाओं की आपूर्ति हेतु सेवा प्रदाताओं का न केवल कुशल होना ही जरूरी है वरन वर्तमान में प्रचलित नयी प्रणालियों से वाकिफ होना भी जरूरी है। अतः प्रशिक्षण एक आवश्यक तत्व के रूप में उभरता है। नगर निकाय के कार्मिक वर्तमान में पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं है। नगर निकायों की कार्यशैली मे सुधार के लिए कार्मिकों को दो प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

(1) तकनीकी प्रशिक्षण (2) नैतिक प्रशिक्षण

**(1) तकनीकी प्रशिक्षण**–शहरवासियों को सफाई, रोशनी, आवास इत्यादि की सेवायें गुणवत्तापूर्वक उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक है कि कार्य में –

(i) समय प्रबंधन (ii) आई.टी. का प्रयोग (iii) नई प्रबन्ध तकनीकों के बारे में जानकारी (iv) आवश्यकतानुरूप कार्य, इत्यादि का समुचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये। इसके लिये स्वायत्त शासन विभाग स्तर पर एक प्रशिक्षण कलैण्डर तैयार कर समस्त शहरी निकायों के कार्मिकों को समयबद्ध प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये।

**(2) नैतिक प्रशिक्षण**

इसके अतिरिक्त शहरी निकाय के कर्मचारी पुराने ढ़र्रे पर ही कार्य कर रहे हैं। जिससे पालिका व आम जनों के मध्य मैत्रीपूर्ण संवाद संबंध कायम नहीं हो पा रहे हैं। निकाय की सेवा आपूर्ति क्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है, अतः कार्मिकों को नैतिक प्रशिक्षण भी दिये जाने की आवश्कता है। कार्मिकों की सोच में पर्याप्त बदलाव व सेवा भावना विकसित किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए "नागरिक केन्द्रित पहुँच" विकसित की जानी चाहिये। कार्मिकों के Mind Set को सेवा भावना से युक्त किया जाना चाहिये। अतः कार्मिकों को नैतिक प्रशिक्षण भी दिया जाना समीचीन है।

### 5. अन्य

शहरी निकायों के सुदृढ़ीकरण के लिए संस्थागत सुधारों के अन्तर्गत विविध प्रकार के कार्यक्रम भी प्रारम्भ किये जाने की आवश्यकता है–

सूचना तंत्र को और सुदृढ़ किया जाना।

शहरवासियों की आवश्यकता का विश्लेषण कर तद्नुसार विकास योजना का प्रारूप तैयार करना।

शहर के प्रमुख उपयोगी स्थलों को परिभाषित कर तद्नुरूप विकास योजना तैयार करना जैसे शहर यदि पुरातात्विक स्थल है या हेरिटेज है इसको चिन्हित कर तद्नुरूप विकास करना।

शहर का मास्टर प्लान तैयार करना।

उपर्युक्त संस्थागत उपागम के तहत विचारणीय मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही कर शहरी निकायों को आधारभूत रूप से सुदृढ़ किया जाये तो शहरी निकाय ओर बेहतर शहरी जीवन प्रदान करने में सक्षम सिद्ध हो सकते हैं।

# भू-जल पुर्नभरण के प्रयासों में एक शहर - भीलवाड़ा

**राजेन्द्र सारस्वत,** प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन

निरन्तर कम होती वर्षा, जमीन में घटता जल स्तर, बढ़ती जनसंख्या एवं प्रति व्यक्ति खर्च होने वाली पानी की मात्रा से उत्पन्न पानी की कमी ने प्रशासन को झकझोर कर रख दिया है। जब शहर में हैण्ड पम्प लगाये गये तब पानी 40 से 60 फीट पर था। बाद में सारे हैण्ड पम्प सूख गये। 100 से 300 फीट गहरे ट्यूबवेल लगाये गये वे भी गर्मी में हिचकिया खाने लगे। पानी की पूर्ति के लिए प्रशासन को टेंकरों से पानी सप्लाई करना पड़ा। शहर के ट्यूबवेल सूखते गये दूर–दूर से पानी आने लगा और वह भी समुचित पूर्ति नहीं कर पाने से बीसलपुर बांध का पानी नसीराबाद से भीलवाड़ा ट्रेन से आने लगा। इन सारी परिस्थितियों ने भीलवाड़ा के प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को पानी के सम्बन्ध में विचार करने पर विवश कर दिया। वर्षा के पानी को व्यर्थ बहने से बचा कर जल संरक्षण हेतु जमीन में पानी उतार कर भू–गर्भ का जल स्तर बढाने पर विचार को प्रबलता प्रदान की गई। वैज्ञानिक सोच का अनुकरण करने की चर्चा होने लगी तब नगर परिषद् ने व्यर्थ पड़े ट्यूबवेल का उपयोग भू जल पुर्नभरण में कर प्रदेश में एक मिसाल कायम की है।

स्वायत्त शासन विभाग के तत्कालीन सचिव ने इस योजना के क्रियान्वयन को प्रशासनिक आदेश के जरिये बल प्रदान किया। तत्कालीन आयुक्त श्री गिरीश दाधीच एवं अधिशाषी अभियन्ता श्री खिलाड़ी राम मीणा ने इसे मूर्त रूप देने के लिए नगर परिषद् के 20 भवनों को चुना जिसमें भीलवाड़ा नगर परिषद् का कार्यालय, सामुदायिक भवन आदि थे। कार्यालय एवं सामुदायिक भवनों की छत से नालियों, सड़क एवं मैदान में गिरने वाले पानी को पाइप के जरिए एक या एक से अधिक गड्डें खोद कर उनमें उतारा गया ताकि छतों से वर्षा का पानी सीधे गड्डों में उतर जाये और पानी जमीन में उतर कर जमीन का जल स्तर बढ़ाये। छोटे गड्डों को बड़े गड्डों से पाइप लाईन के जरिये जोड़ा गया ताकि छोटा गड्डा भर जाये तो पानी बड़े गड्डें में चला जाये। छोटे – बड़े सभी गड्डो को कच्चा रखा गया ताकि उनमें पानी भर कर जमीन में उतारा जा सके। छत से गड्डों तक पाईप के रूप में पी.वी.सी. पाईप का उपयोग किया गया जो काफी सस्ता पड़ा। मॉडल डेमोंस्ट्रेशन के लिए यह सस्ती सुन्दर योजना प्रस्तुत की गयी। जिनके घरो में ट्यूबवेल गर्मी में सूख गये थे उन्हें यह योजना बहुत पसन्द आयी और इस योजना को अपनाने से कई घरों में ट्यूबबेल रिचार्ज भी हुऐ।

### व्यर्थ ट्यूबवेल का उपयोग भी

नगर परिषद् द्वारा कराये गये इस कार्य से फायर स्टेशन पर लगाया गया ट्यूबवेल भीषण गर्मी में भी पूरा पानी देता रहा। राजस्थान में पहली बार व्यर्थ पड़े ट्यूबवेल का उपयोग जल संरक्षण हेतु नगर परिषद् ने किया। बाद में इसका अनुकरण अन्य विभागों ने भी किया। भीलवाड़ा में कई जगह ट्यूबवेल खोदे गये लेकिन वहाँ पानी नहीं आया। ऐसे ट्यूबवेलों में पाईप के जरिये छतों की पाईप लाईनो को जोड़ा गया ताकि वर्षा का पानी जमीन में गहराई में जाकर पानी का स्तर बढ़ा सके। इससे जल संरक्षण व्यय में कमी आयी तथा व्यर्थ पड़े टूयूबवेल का उपयोग भी हो पाया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष श्री पी. पुरूषोत्तम भीलवाड़ा जल पुर्नभरण प्रक्रिया को देख कर बहुत प्रसन्न एवं प्रभावित हुए। जल संरक्षण के इस प्रोजेक्ट से सीख लेकर भीलवाड़ा में कई परिवारों ने वर्षा के पानी को छत से टैंक में इतना इक्ठ्ठा कर लिया कि उन्हें वर्षभर दूसरे पानी की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। जिले की सभी नगर पालिकाओं ने इसका अनुकरण कर अपने यहाँ जल संरक्षण के इस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया है। आवश्यकता है कि जनता भी ऐसा करे।

राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन के पदाधिकारियों ने सभी जगह नक्शा पास करवाकर नया भवन बनाने वालों को जल संरक्षण के इस प्रोजेक्ट को अपने नये भवन में लगाकर लाभ उठाने को प्रेरित किया है। राजस्थान में जिस प्रकार से सतही जल व भूजल की कमी हो रही है, यह तकनीक काफी कारगर साबित हो सकती है। अतः राज्य के समस्त निकायों द्वारा इस तकनीक को अपनाया जाना चाहिए व इसे प्रोत्साहन भी देना चाहिए ताकि आम जनता इसे अपना सके व पानी की समस्या से निजात पा सकें।

# सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था में विद्युत बचत की पहल-कोटा नगर निगम

**यदुनन्दन गौड़,** सहायक अभियन्ता (विद्युत), कोटा नगर निगम

कोटा नगर निगम के दल द्वारा निगम क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद महसूस किया गया कि शहर के मार्ग पर जो 30 फिट चौड़ाई या इससे भी कम चौड़े है, उन पर सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था हेतु 70, 150 व 250 वाट की सोडियम लाईटें लगाई गई है, जो वास्तविक आवश्यकता से अधिक रोशनी वाली है जिससे विद्युत ऊर्जा की खपत भी अधिक हो रही है। इस अनावश्यक विद्युत ऊर्जा खपत को ध्यान में रखकर अवधारणा बनायी गई जिसके पीछे उद्देश्य था कि अगर शहर के आन्तरिक इलाकों की सडकों पर लगी हुई 150 व 250 वाट की सोडियम लाईटें हटाकर इनके स्थान पर 65 वाट की सी.एफ.एल. एनर्जी सेवर लाईट्स लगाई जाये तो निम्न लाभ हो सकते हैः–

1. एक पाईन्ट पर औसतन 100 वाट विद्युत ऊर्जा बचाई जा सकती है।
2. सार्वजनिक सड़क पर दूधिया प्रकाश होगा।

3. लाईट एवं ब्रेकेट ओरनामेन्टल उत्कृष्ट एवं आकर्षक दिखेगें।
4. पर्यावरण में सुधार होगा क्योकि सी.डी.एम. की मात्रा कम होगी।
5. मैन्टीनेन्स का कार्य बहुत ही सरल एवं कम समय में हो जायेगा।
6. नया विद्युत पोल लगाने की आवश्यकता नहीं होगी जिससे आर्थिक भार नहीं पड़ेगा।

अतः इन सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए दिनांक 2.7.2007 से 31.3.2008 तक कोटा नगर निगम द्वारा कुल 550 पोइन्ट्स से 70, 150 व 250 वाट सोडियम लाईटें हटाकर 65 वाट सी.एफ.एल. एनर्जी सेवर लाईट लगाई जाने से निम्न लाभ हुए हैः–

1. प्रतिमाह 16,500 यूनिट बिजली की बचत हुई है। इस प्रकार प्रयास करने से प्रति वर्ष 8 लाख रूपये की विद्युत ऊर्जा बचायी जाना निश्चित हो गया है।
2. इस प्रकार की लाईटों के लगाने से मार्ग की लाईटों का अकर्षण बढा है तथा सड़क पर दूधिया प्रकाश हो रहा है।
3. इस प्रकार की लाईटें लगाने से पर्यावरण में भी सुधार की दृष्टि से सी.डी.एम. की मात्रा कम हुई है।

अतः भविष्य में 500 एनर्जी सेवर लाईटें सोडियम के स्थान पर परिवर्तित करने का प्रस्ताव है। आम जनता द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था की सराहना भी की गई है।

उपरोक्त कार्यवाही के अलावा नगर निगम क्षेत्र में विकास एवं स्ट्रीट लाईट ऊर्जा बचत के अन्तर्गतः–

1. सभी पेनलों पर टाईम स्विच/सोलर स्विच लगाये गये है।
2. डिवाईडर पर केबल ठीक कराकर एक छोर पर एक लाईट रात्रि में 11.00 बजे बाद चालू रहने की कार्यवाही की जा रही है।
3. मुख्य मार्ग जिन पर यातायात भार कम है उन पर लगे पोल्स से सोडियम लाईटों को हटाकर आकर्षक सी.एफ.एल. लाईटें लगाई जा रही है।

**निष्कर्षः**– उपरोक्त कार्यवाही करने से वर्तमान मे लगे पुराने पोल भविष्य में आकर्षक एवं विद्युत उर्जा बचत करने में लाभदायक साबित होगें। अन्य निकायों द्वारा भी इस प्रकार की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाया जाना चाहिए।

# Accrual Based Double Entry Accounting System in Jaipur Municipal Corporation

**Anil Chaplot,** Addl. Director, HCM RIPA

The National e-Governance Plan (NeGP), Government of India identified the municipal governance as one of the Mission Mode Projects Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission (JnNURM), Government of India, aims at promoting the use of ICT tools in municipalities for good governance. Training and capacity building for e-governance at the local level has been planned in a big way based on a prior assesment of training and skill needs across all the urban local bodies in the country.

Rajasthan Urban Infrastructure Development Project (RUIDP), Local Self Government Department and Jaipur Municipal Corporation (JMC) Jaipur initiated an e-governance project in the year 2005 for development and implementation of integrated computerized system for efficient service delivery to citizens, proper management of municipal functions, revenue improvement and capacity building of municipal personnel in use and maintenance of such system through a Total Solution Provider (TSP). Nearly all the modules recommended in the National Mission Mode Project have been covered in this project.

Until recently all municipalities in the state were expected to maintain the accounts in accordance to the Rajasthan Municipalities Accounts Rules, 1963, promulgated under the Rajasthan Municipalities Act, 1959. These rules did not provide for maintenance of accounts on the basis of accrual based double entry accounting system. However, the Rajasthan Municipalities Ordinance, 2008 has made it imperative for all the municipal bodies of the state to maintain the accounts in accrual based double entry accounting system.

***Status before Implementation***

JMC maintained accounts in a single entry receipts based system. Codifications system did not exist for grouping, sub-grouping and individual account heads. In absence of any codification system there was tendency to include different figures in various tables prepared on different occasions. The budget preparation exercise had to be repeated inentirely every year. Compilation of budgets at district, division or at the state level was not possible. There was no linkage between the budget and the accounting system and budget variance reports were prepared only when such a demand arose. The budget control was also done manually.

All accounting was done through the cash and bank book and no linkages existed between the accounts sections and any of the revenue sections, establishment, building permission etc. System did not exist for preparing ledgers on regular basis. Bank reconciliation of accounts at head offices was periodically done but the accounts of the zonal officers were not regularly reconciled. Trial balance and annual financial statements were not prepared. Few MIS reports could be prepared when desired, but in absence of any standardization, the compiled figures often differed. Records of municipal assets were not compiled. No standard valuation was made. The accounting system did not show the total and depreciated value of the assets.

***Status after Implementation***

